
हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज गेट, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 304 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 19 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया


## राखी के पहले सोने-चांदी के दाम बढ़े

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** त्योहारी सीजन और शादियों को लेकर सोने चांदी की खरीदारी की जा रही है। ऐसे में रक्षाबंधन से पहले दोनों ही आभूषणों के भाव में तेजी दर्ज की गई है। सराफा से प्राप्त दामों के अनुसार, सोने के दाम में दो दिन में 850 रुपए की दर से उछाल आया है, जिसके बाद अब एक तोला सोने की कीमत 73 हजार 300 रुपए पर जा पहुंची है, जबकि आरटीजीएस में 73 हजार 400 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, चांदी के दाम में भी 1200 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिसके चलते इसकी कीमत उछलकर 84 हजार 300 और आरटीजीएस में 84 हजार 800 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। आइये जानते हैं इंदौर सराफा से लिए आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के भाव सोना- 73 हजार 300 रुपए प्रति 10 ग्राम (तोला) और चांदी- 84 हजार 300 रुपए प्रति किलो निर्धारित रहा है।

### जांच और उपचार के नाम पर जेब हो रही खाली, अस्पतालों में मरीजों की भीड़...

# बुखार में हो रही जेब ढीली, दो हजार तक का खर्चा!

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अभी तक मौसमी बीमारी में मेडिकल से दवाई लाकर या किसी आरएमपी डॉक्टर से ईलाज करवाकर लोग ठीक हो रहे थे। एक या दो दिन में सौ रुपए का ईलाज करवाकर वापिस काम पर लौट रहे थे, लेकिन अब वायरल एक हजार से दो हजार का थप्पड मार रहा है। एक सौ पांच डिग्री वाला यह बुखार छोटे मोटे डॉक्टरों के पल्ले नहीं पड रहा। अस्पताल में जाने के बाद मलेरिया सहित अन्य जांचों में मोटी रकम और उसके बाद दवाईयों पर खर्च हो रही है। एक सप्ताह के आराम के बाद कहीं जाकर इस वायरल से मुक्ति मिल रही है। सर्दी, सिरदर्द, शरीर में जकडन, घबराहट और बूखार के मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।

**वायरल में तब्दील हो रहा सामान्य बुखार, जांचें कई प्रकार की–** पहले लोग घरों में ही मेडिकल या छोटे मोटे डॉक्टर से दवाई लेकर सौ दो सौ रुपए में ओके हो जाते थे, लेकिन इस बार वायरल एक से दो हजार का पड़ रहा है। जाते से ही पांच सौ से हजार रुपए नर्सिंग होम में फीस। इसके बाद सीवीसी जांच के ढाई सौ रुपए, सीआरवी के अस्सी रुपए और मलेरिया जांच के पचास रुपए। इसके बाद कम से कम आठ सौ से नौ सौ रुपए कम से कम दवाईयों का खर्च। फिर दोबारा चिकित्सक के पास परामर्श के लिए जाना। अगर नर्सिंग होम में एडमीट होते हैं तो उसके बाद रुपयों का आंकड़ा बढ़ रहा है।

**बेक्टेरिया के आक्रमण के लिए बदलता मौसम अनकूल माहौल–** अभी एकदम बीमारों की संख्या में इजाफे का कारण बदला मौसम और बीमारियों के कीटाणुओं के लिए अनुकूल माहौल होना बताया जा रहा है। जिले में इस बार पहले गर्मी फिर कुछ दिन बारिश और फिर उमस व गर्मी के चलते लोगों के शरीर पर बुरा प्रभाव पड रहा है। बारिश थमने के बाद मौसम में उमस भरी गर्मी का प्रभाव अधिक है। इस कारण जिले में मौसमी बीमारियां का प्रकोप बढ़ गया है।



**एक्सपर्ट की राय–बारिश व उमस भरे माहौल से हो रहे पीड़ित**

चिकित्सकों के अनुसार बारिश और इसके बाद उमस भरी गर्मी का मौसम बीमारियों के कीटाणुओं के लिए अनुकूल मौसम होता है। इस कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ा है। सर्दी-जुकाम और बुखार का प्रकोप अधिक है। नागरिक कुछ सावधानी बरतकर बीमारियों से बच सकते हैं। इसके बाद भी वे बीमारियों के प्रभाव में आते हैं तो चिकित्सकों से परामर्श लें। बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाइयों का सेवन नहीं करें।

**एक नजर विभिन्न बीमारियों के प्रकोप के कारण...**

✲ बारिश से नमी युक्त वातावरण रहना। ✲ बारिश थमने के बाद उमस भरी गर्मी बढ़ना। ✲ मक्खी-मच्छर सहित अन्य जीवों का तेजी से बढ़ना। ✲ उमस भरे मौसम में कीटाणुओं का तेजी से पनपना। ✲ खाली स्थानों पर बारिश के पानी का अधिक समय तक जमा रहना।

**चपेट में आने से पूर्व ये सावधानी रखें...**

✲ मौसम के अनुकूल आहार लें। बाजार में खुली सामग्री का उपयोग नहीं करें। ✲ घरों में या आसपास के इलाकों में बारिश का पानी जमा नहीं होने दें। ✲ सर्दी-जुखाम से ग्रसित लोगों से अपेक्षित दूरी बनाकर रखें। ✲ संक्रमित व्यक्ति से हाथ न मिलाएं। उसके कपड़े व सामान का उपयोग नहीं करें। ✲ सार्वजनिक व अधिक भीड़ वाले स्थानों पर जांच से बचे।



### रक्षाबंधन पर दोपहर तक रहेगा भद्रा का साया, शुभ मुहूर्त में बंधेगी राखियां...

# भाई–बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन आज...

**राखियां हुई महंगी, फिर भी उत्साह नहीं हुआ है कम, रविवार को गुलजार रहा बाजार**

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन सोमवार को मनाया जाएगा। इस साल रक्षाबंधन के त्योहार में कई शुभ संयोग है तो दोपहर तक भद्रा का साया भी है। रक्षाबंधन पर ये दो महत्वपूर्ण व्रत हैं। रक्षाबंधन के दिन सावन का अंतिम सोमवार है और श्रावण पूर्णिमा का व्रत, स्नान एवं दान भी है। इस दिन सावन माह का समापन भी हो जाएगा। वहीं रक्षाबंधन पर 7 घंटे 39 मिनट तक भद्रा का साया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने का शुभ समय दोपहर 1 बजकर 32 मिनट से शाम 4 बजकर 20 मिनट तक है। इसके अलावा आप शाम 6 बजकर 56 मिनट से रात 9 बजकर 08 मिनट तक प्रदोष काल में भी राखी बांध सकते हैं। रक्षाबंधन आज 19 अगस्त सोमवार को है, लेकिन श्रावण शुक्ल चतुर्दशी 18 अगस्त को रात 2 बजकर 21 बजे से ही भद्रा शुरु हो जाएगी, जो श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 19 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 बजे तक रहेगी। इसके बाद ही रक्षाबंधन का शुभ मूहूर्त शुरू होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि में रक्षाबंधन मनाते हैं, उसमें भी खासकर भद्रा का साया न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है। राखी बांधने के लिए भद्रा रहित शुभ मुहूर्त का विचार करना उत्तम रहता है। भद्रा काल के दौरान शुभ काम करना अच्छा नहीं माना जाता। उसका शुभ फल प्राप्त नहीं होता।

**सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि व धनिष्ठा नक्षत्र योग–** रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और धनिष्ठा नक्षत्र समेत कई शुभ संयोग बनने जा रहे हैं। इस दिन सुबह 5.53 बजे से 8.10 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का निर्माण हो रहा है। हालांकि भद्रा का वास पाताल लोक में होने की वजह से बहुत अशुभ नहीं माना जाएगा। ज्योतिष के मुताबिक भद्रा जब पाताल या स्वर्ग लोक में वास करती है धरती वासियों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता। लेकिन फिर से भद्रा काल में रक्षाबंधन मनाने से बचना चाहिए।

**रविवार को बाजारों में रही रौनक–** रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रविवार को छुट्टी के दिन भी शहर सहित जिलेभर में बाजार गुलजार रहे। राखियों की खरीदारी जमकर हुई है। चौक-चौराहों में राखी खरीदने भीड़-भाड़ लग रही है। इसी तरह मिष्ठान दुकानों में भी भीड़ बढ़ गई है। बड़ी मात्रा में मिठाईयां तैयार की गई है। इसके अलावा सराफा व कपड़ा बाजार में भी रौनक नजर आ रही है। भीड़ को देखते हुए व्यापारियों को भी अच्छे व्यापार की उम्मीद है। उधर, राखियों पर भी महंगाई की मार पड़ी है। राखियां पूर्व की अपेक्षा थोड़ी महंगी जरूरी हुई है, लेकिन इस महंगाई का कोई असर बाजार में देखने को नहीं मिला है। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर भाई व बहनों में उत्साह बरकरार है। एक अनुमान के अनुसार शनिवार और रविवार को राखियां की बिक्री अत्यधिक रही है। आज सोमवार को भी रक्षाबंधन के त्यौहार पर देर शाम तक राखियां बिकने का सिलसिला जारी रहेगा।

## मेडिकल कॉलेज: डेढ़ सीट होने की उम्मीद

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित अन्य मेडिकल कॉलेजों में सीट बढ़ाने के लिए कवायद जारी है। फिलहाल 50 सीट के साथ कॉलेज शुरु होना है। लेकिन अब उम्मीद जताई जा रही है कि सीटें बढ़कर डेढ़ सौ हो सकती है।

प्रदेश के निजी और शासकीय मेडिकल और डेंटल कालेजों में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने सीटों का विवरण जारी कर दिया है। प्रदेश में पहली बार सर्वाधिक 30 मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग हो रही है। 13 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 2,450 और 17 शासकीय मेडिकल कॉलेजों में 2425 सीटें हैं, जो पिछले वर्ष 2275 थीं। यानी शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या भले ही अधिक है पर सीटें निजी कॉलेजों में ज्यादा हैं। इस वर्ष एक निजी और तीन शासकीय मेडिकल कॉलेज बढ़े हैं।अगले वर्ष श्योपुर, सिंगरौली और बुधनी मेडिकल कॉलेज और जुडने के साथ इस वर्ष प्रारंभ हुए नीमच, सिवनी और मंदसौर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटें 50-50 से बढ़कर 150-150 होने की आशा है।सीट आवंटन 29 अगस्त को किया जाएगा। इसके बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। सात सितंबर के बाद तस्वीर साफ होगी कि पहले चरण में कितनी सीटें भरीं और कितनी रिक्त रहीं, जिनके लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग होगी।

### लाभमुनि अस्पताल के पीछे कॉलोनी की है घटना, सुरक्षा के लिए बनाई थी मुंडेर भी...

# कपड़े सुखा रही बालिका हाईटेंशन की चपेट में आई, झूलसी

**पूर्व में कॉलोनी में 11केवी की चपेट में आने से हो चुका है हादसा, एमपीईबी को की थी शिकायत**

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सीतामऊ फाटक क्षेत्र से आगे लाभमुनि अस्पताल के पीछे स्थित कॉलोनी में एक बालिका हाईटेंशन लाईन की चपेट में आ गई। बालिका घर की छत पर कपड़े सुखा रही थी, रविवार सुबह के समय यह हादसा हुआ है। गंभीर झूलसने पर बालिका को बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार 15 वर्षीय बालिका सपनाकुंवर पिता प्रवीणसिंह राजपूत लाभमुनि अस्पताल के पीछे कॉलोनी में घर की छत पर कपड़े सूखा रही थी। बताते हैं कि हाईटेंशन लाईन क चलते छत पर मुंडेर भी बनाई गई थी, ताकि सुरक्षा बरती जा सके। बालिका पूर्व में भी कई बार कपड़े सूखा चुकी है, लेकिन रविवार को कपड़े सूखाने दौरान वह 11केवी लाईन की चपेट में आ गई। इससे हाथ व पांव जल गए, वहीं चेहरे पर भी हल्की झूलसन रही। इसकी सूचना परिजनों को लगने पर वे बालिका सपना को लेकर बड़े अस्पताल पहुंचे, जहां उसका ईमरजेंसी वार्ड में उपचार किया गया।

**पूर्व में झूलसन की घटना में एमपीईबी को की थी शिकायत–** बताते हैं कि पूर्व में भी लाभमुनि अस्पताल के पीछे स्थित कॉलोनी में एक बार करंट की चपेट में आने से झूलसन की घटना हो चुकी है। हालांकि, यह घटना ज्यादा गंभीर नहीं हुई थी। फिर भी कुछ कॉलोनीवासियों ने मिलकर एमपीईबी को शिकायत की थी। शिकायत के बाद भी बिजली कंपनी के नुमाइन्दों ने ध्यान नहीं दिया। कॉलोनीवासी एक बार फिर एमपीईबी को शिकायत करने का मन बना रहे हैं।

**हाईटेंशन की टेंशन वाली खबर की थी प्रकाशित, लापरवाही जारी–** बता दें कि दैनिक **गुरु एक्सप्रेस** अखबार में पिछले महीने 25 जुलाई को हाईटेंशन की टेंशन वाली खबर प्रकाशित की थी। इससे जिम्मेदारों को चेताने की कोशिश की गई, लेकिन बिजली कंपनी सहित अन्य जिम्मेदारों की बेपरवाही जारी रही। रविवार को लाभमुनि अस्पताल के समीप कॉलोनी में हाईटेंशन की चपेट में आने से बालिका झूलस गई, गनीमत रही कि टेंशन कम रही। विद्युत मंडल को इस दिशा में कार्ययोजना बनाकर हाईटेंशन यानी 11केवी लाईन जहां–जहां जिन मकानों के ईर्द–गिर्द से जा रही है, वहां–वहां सुधार कार्य करवाने की आवश्यकता है।

**हाईटेंशन लाईन के प्लाट भी बिके, दांव पर लगी है जिंदगियां–** बता दें कि शहर में पूर्व वर्षों में जमीन कारोबारी से जुड़े लोगों ने खाली भूमि को बगैर डायर्वशन के प्लांटों में विभाजित कर इसका विक्रय किया था। कुछ जगह पूर्व में ही विद्युत मंडल की हाईटेंशन लाईन डली हुई थी। इसके बाद भी कई जगह नियमों को दरकिनार करते हुए प्लाटों का विक्रय हुआ है। हालांकि, इसमें खरीददार को भी ध्यान देना था, लेकिन वे भी लापरवाह बने रहे।

### भक्तों को आमंत्रण देने रविवार को निकली वाहन रैली...

# शाही सवारी आज, पशुपतिनाथजी जानेंगे भक्तों का हाल



**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्रावण मास के पांचवें सोमवार को आज पशुपतिनाथजी महादेव शाही अंदाज में शहर भ्रमण पर निकलेंगे। भोले खुद भक्तों को दर्शन देने शाही सवारी में घुमेंगे। पशुपतिनाथजी आज भक्तों का हाल जान कर उनका दुख–दर्द दूर करेंगे। शाही सवारी को लेकर शिवभक्तों में अपार उत्साह बना हुआ है। बता दें कि शाही सवारी हर वर्ष आखिरी सोमवार को निकलती है, लेकिन इस बार पांचवें सोमवार आए हैं और सोमवार को राखी का त्यौहार भी है, ऐसे में सोमवार को शाही सवारी निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। भगवान की रजत प्रतिमा का पूजन अर्चन जनप्रतिनिधि संत,समाजसेवी व नेतागण करेंगे। शाही सवारी का पग–पग पर धर्मालुजनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। भगवान पशुपतिनाथजी की शाही सवारी में भक्तों को शामिल होने के लिए आमंत्रण देने के लिए प्रात:कालीन आरती मंडल के तत्वाधान में रविवार को वाहन रैली का आयोजन किया गया। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर से शुरू हुई जो शहर के शाही सवारी मार्ग के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस पशुपतिनाथजी मंदिर पहुंची। जहां रैली का समापन हुआ। रैली में बड़ी संख्या में महादेव के भक्त शामिल हुए। आज सावन के अंतिम सोमवार को भगवान पशुपतिनाथजी रजत प्रतिमा के रूप में शाही रथ में सवार होकर ठाठ-बाट के साथ शहर भ्रमण पर भक्तों का हाल जानने निकलेंगे। प्रात: कालीन आरती मंडल के अध्यक्ष दिलीप शर्मा ने बताया प्रतिवर्ष के अनुसार सावन के अंतिम सोमवार को शाही सवारी का आयोजन किया जाएगा। बाबा पशुपतिनाथजी की शाही सवारी में ढोल नगाड़े, विशाल नन्दी पर सवार शिव पार्वती, अघोरी की झांकी, राधाकृष्ण, मां कालिका, शिव–पार्वती सहित कई आकर्षक झांकिया, पंजाब के ढोल, उज्जैन के ताशे, अखाड़े साथ रहेंगे। शाही सवारी सुबह 11 बजे भगवान पशुपति नाथ मंदिर से शुरू होगी जो शहर भ्रमण के साथ देर शाम तक वापस मंदिर प्रांगण तक पहुंचेगी।

### मामला जमुनिया की राशन दुकान पर गेहूं–चावल चोरी होने का...

# राशन दुकान में सोया चोर रिमांड पर, दो और थे बदमाश, जिन्होंने पिलाई थी शराब

**संदिग्धों की धरपकड़ हुई, लेकिन थाने से नकारा जा रहा, गोलमाल की शंका**

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाने के तहत ग्राम जमुनिया की राशन दुकान में 17 क्विंटल गेहूं-चावल चोरी होने की वारदात हुई थी। 16 अगस्त की सुबह एक चोर राशन दुकान में ही सोता मिला था, जो नशे में था। पूर्व में पुलिस का कहना था कि इसका नशा नहीं उतर रहा है। अब जब नशा उतरा तो तूफानसिंह बंजारा निवासी आड़वा चंदवासा चौकी को आरोपी बनाया गया है। उसका रिमांड भी लिया गया है। लेकिन, अभी भी इस मामले में गोलमाल जारी है। बताते हैं कि दो संदिग्ध आरोपी की धरपकड़ की गई है। लेकिन, थाने से नकारा जा रहा है। आरोपी तूफानसिंह की गुमराहबाजी में यह बात सामने आई है कि आरोपी ने देशी शराब को आधे–आधे क्वार्टर में अन्य साथियों के साथ गटकी थी। शराब के सेवन में दो और आरोपी बताए गए हैं, जिनके नाम केस डायरी में लिखे जाने के पूर्व गोलमाल जारी है। आरोपी तूफानसिंह यह भी कहता दिखाई दे रहा है कि मैंने तो आधा क्वार्टर के चलते नशा किया था। लेकिन, जब उसने दो और साथियों के साथ शराब गटकी थी, तो उनके संदर्भ में भी भरपुर जानकारी रही होगी। हो सकता है कि अन्य के साथ मिलकर राशन दुकान के अनाज की हेराफेरी की गई हो। माना जा रहा है कि इस चोरी की घटना में कई आरोपी हैं, जिन्होंने सुनियोजित तरीके से गेहूं–चावल इधर से करने की योजना बनाई है।

पुलिस के अनुसार जमुनिया की राशन दुकान में चोरी होने की सूचना मिलने और अंदर सोते हुए एक व्यक्ति मिला था। इस संदिग्ध चोर का नाम तूफानसिंह बंजारा निवासी आड़वा बताया गया है। आड़वा गांव चंदवासा चौकी क्षेत्र में आता है। राशन दुकान से करीब 10 क्विंटल 34 किलो गेहूं व 6 क्विंटल 65 किलो चावल गायब मिला है। सोयाबीन प्रबंधक करणसिंह पिता जगन्नाथ रावत की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज तहकीकात शुरू की थी। यहां यह बात भी विचारणीय है कि तूफानसिंह राशन दुकान में कैसे पहुंचा और वह वहां कैसे सोया। क्योंकि चोरी के पूर्व ताला जरूर तोड़ा गया था। आरोपी तूफानसिंह की गुमराहवाली बयानबाजी को सत्य क्यों समझा जाने लगा है, इस पर भी शंका की सुई घुम रही है। बताते हैं कि दो और संदिग्ध आरोपी पुलिस को हाथ लगे हैं, लेकिन गेहूं–चावल के संदर्भ में जांच जारी है। गरीबों के हक के लिए आए गेहूं–चावल के चोरी के बाद यह राशन किसके द्वारा खरीदने की कोशिश की थी, यह भी विचारणीय प्रश्न बनता जा रहा है।

### उमस और गर्मी से लोग परेशान, आज भी वर्षा की संभावना नहीं...

# दस दिन से बारिश का इंतजार

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** लंबे समय से जिले वासियों को बारिश का इंतजार है। इस दौरान जिले में हल्की तेज या फिर भारी बारिश का अलर्ट कई बार मौसम विभाग ने जारी किया। बावजूद इसके जिले में बारिश नहीं हुई। करीब 10 दिनों से अधिक का समय बीत गया है। लेकिन जिले में बारिश नदारद है। ऐसे में अब तापमान में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। दोपहर के वक्त लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आज सोमवार को बारिश की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। हालांकि आसमान पर हल्के बादल छाए रहेंगे। मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड़ क्षेत्र मतलब इंदौर-उज्जैन संभाग में मौसम साफ रहेगा और धूप दिखाई देगी। मौसम विभाग के अनुसार, कल 19 अगस्त से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव ... **शेष पेज 4 पर**

## पिता के समान स्नेह दिया श्री रामकृष्णजी नवाल ने

20 अगस्त 1987 को मैं सरस्वती शिशु मंदिर मंदसौर में प्राचार्य बनकर आया था, उस समय श्रीमती प्रेमलता नवाल, जिनको हम सम्मान के साथ 'नवाल दीदी' कहते थे।



एक दिन श्री रामकृष्ण जी नवाल की सहमति से मुझे उनके घर भोजन के लिए आमंत्रित किया गया, भोजन करते समय, श्री रामकृष्ण जी नवाल ने एक महत्वपूर्ण बात मुझे कही कि- चन्द्रे जी! यह मानव जीवन ही कंटकाकीर्ण और संघर्ष से भरा हुआ है इससे निपटने के लिए बहुत-बहुत संघर्ष की आवश्यकता है। 'आप यह भूल जाओ कि- आपका परिवार यहां नहीं है, पर हम हैं।' आपके परिवार की जगह मैं आपके बड़े भाई की तरह आपके साथ जीवन भर रहूंगा।

उक्त वाक्य मेरे जीवन में आज भी गूंजते है तथा उक्त वाक्य मेरी प्रेरणा का स्रोत रहे है। जब कभी मेरे मन में असंतोष, असमंजस या डगमहाट की स्थिति होती थी, तब मैं नवाल साहब के घर चला जाता था और मेरी दीदी श्रीमती प्रेमलता नवाल मुझे भोजन कराती थी और भोजन करते समय श्री नवाल साहब यह कहते थे कि- संसार में कैसी भी समस्याएं हो वह केवल नदी में आई हुई बाढ़ की तरह होती है, वह उतर जाती है या वह चली जाती है, इसलिए इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। यही प्रेरणादायी वाक्य आज भी मेरे जीवन के बहुत बड़े सहायक है। मैं अपने श्रद्धा सुमन उनके चरणों समर्पित करता हूं।



**–रमेशचन्द्र चन्द्रे, मंदसौर**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस के संस्थापक, शिक्षाविद् श्री **रामकृष्णजी नवाल** के संस्मरण पढ़े पेज 4 पर...

### जावरा में थे कार्यरत, राखी त्यौहार के चलते आ रहे थे भानपुरा...

# 8-लेन पर कार दुर्घटनाग्रस्त, चार्टर्ड एकाउटेंट की मृत्यु, बेटा चोटिल

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा थाने के तहत सांतलखेड़ी ग्राम के समीप 8-लेन एक्सप्रेस हाईवे पर बिती रात्रि में सड़क दुर्घटना में एक चार्टर्ड एकाउटेंट की मृत्यु हो गई। हादसा कार के डिवाईडर से टकराने पर हुआ है, कार में सीए का बेटा भी था, जो चोटिल हुआ है, लेकिन वह ठीक है।

पुलिस के अनुसार भानपुरा नगर की डांगी कॉलोनी में रहने वाले ललित पिता राधेश्याम व्यास 40 वर्ष अपनी बलेनो कार से भानपुरा आ रहे थे। ललित व्यास पेशे से चार्टर्ड एकाउटेंट हैं, जो जावरा में कार्यरत हैं। शनिवार रात्रि करीब 9 बजे के आसपास वे 8-लेन पर सांतलखेड़ी ग्राम के समीप पहुंचे। यहां कार अनियंत्रित हो गई, जो डिवाईडर से जा टकराई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं चालक ललित व्यास गंभीर घायल हो गए। जिन्हें रात्रि में सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उन्हें वहां उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक ललित व्यास के साथ उनका बेटा भी था, जो कार के पीछे सीट पर लेटा था, जो चोटिल तो हुआ है, लेकिन खतरे से बाहर है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करने के बाद अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

**राखी त्यौहार के चलते आ रहे थे भानपुरा–** बताते हैं कि मृतक ललित व्यास और उनका बेटा जावरा से कार द्वारा 8-लेन एक्सप्रेस हाईवे पर सवार हुए थे। वे भानपुरा में ही रहते हैं। ऐसे में राखी का त्यौहार होने के चलते वे अपने घर आ रहे थे। घर पहुंचने के पूर्व ही सड़क दुर्घटना हो गई। आज राखी का त्यौहार है, ऐसे में जो खुशियां होना थी, वह गम के साये में तब्दील हो गई है।

**एक्सप्रेस–वे पर है कई खामियां, गाड़ी होती है ऊपर–नीचे–** बताते हैं कि एक्सप्रेस–वे पर कई खामियां भी है, जिससे गाड़ी ऊपर–नीचे भी होती है। सीए की कार जहां दुर्घटनाग्रस्त हुई है, वहां भी ऐसा ही कुछ होने की स्थिति बताई जा रही है। इसके चलते कार अनबेलेंस हुई और डिवाडर से टकराने के बाद हादसा हो गया। पूर्व में भी कई हादसे एक्सप्रेस वे पर हो चुके हैं। पिछले महीने में ही सीतामऊ थाना क्षेत्र के तहत 8-लेन परं गरोठ की ओर जा रही एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस दुर्घटना में भी एक युवक की मृत्यु होने के समाचार मिले थे। इस मामले में पुलिस ने मृतक पर ही दुर्घटना का आरोपी बनाया था। वहीं कार में सवार जो युवक थे, उनके कथन भी कहे अनुसार निर्धारित नहीं किए गए थे। पुलिस थाने की कथन पीड़ित के कहे अनुसार ही लिखे जाने की जरूरत महूसस की जा रही है, इस पर थाने के बड़े साहब को ध्यान देना होगा। एक्सप्रेस वे कंपनी को पाइन्ट निर्धारित कर सड़क सुधार की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। बता दें कि एक्सप्रेस वे को जिस मानक के तौर पर बनाया गया है, उसके तौर पर वर्तमान में ट्रॉफिक नहीं है। ऐसे में जब ट्रॉफिक का दबाव रहेगा, तब उत्पन्न होने वाली स्थिति को भी समझा जा सकता है।

**8-लेन पर ही ट्रेक्टर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, चालक घायल–** भानपुरा थाना क्षेत्र के तहत ही शनिवार को 8-लेन पर एक और सड़क दुर्घटना हुई है। यह दुर्घटना नीमथूर टोल से आधा किलोमीटर आगे घटित हुई। पुलिस के अनुसार ब्रेजा कार क्रमांक एमपी 43 सीबी 0182 के चालक ने शिकायत दर्ज करवाई। कहा कि उसकी कार को नीमथूर से आगे एक्सप्रेस वे पर बिना नंबर के ट्रेक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारी है। दुर्घटना में जहां कार को नुकसान हुआ है, वहीं चालक किशोर पिता मोहनलाल पांचाल 42 वर्ष भी घायल हुए हैं। किशोर पांचाल रतलाम जिले के सैलाना थाने के ग्राम करिया निवासी है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी नीमच के एनसीसी अधिकारी जितेंद्र कनौजिया....

# लेह से कन्याकुमारी तक करेंगे साइकिल अभियान



**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 5 मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी नीमच ट्रूप नंबर 157 मंदसौर के एनसीसी अधिकारी ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया लेह लद्दाख से कन्याकुमारी सोलो साइकिल अभियान में हिस्सा लेंगे यह रैली रक्षा मंत्रालय एनसीसी निदेशालय एवं खेल विभाग के नेतृत्व में आयोजित होगी इस रैली को गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने के लिए प्रतिदिन प्रैक्टिस की जा रही है। साइकिल रैली के यह होंगे उद्देश्य युवाओं को देश की सांस्कृतिक परंपराओं और धरोहरों से परिचित कराना, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता लाना, युवाओं को नशे की लत से दूर रखने हेतु जागृति, बालिकाओं के संरक्षण उन्नयन एवं सेल डिफेंस जागरूकता, भारतीय सेवा के कोणार्क अभियान के अंतर्गत बलिदानों का सम्मान इन 5 उद्देश्यों को लेकर साइकिल अभियान निकाला जाएगा। आज जितेंद्र कनौजिया (ट्रूप कमांडर) साथ में सहयोगी के रूप में पूर्व कैडेट सूरज माली मंदसौर से चित्तौड़गढ़ जिले सांवरिया सेठ मंदिर द्वार पहुंचे और वहां से वापस साइकिलिंग करते हुए रक्षाबंधन के दिन मंदसौर पहुंचेंगे। 18 अगस्त सुबह 5:00 बजे मंदसौर से निकलकर 7:30 बजे नीमच एनसीसी बटालियन पहुंचे जहां भारतीय सेना हवलदार योगीराज ने जितेंद्र कनौजिया को ज्वाइन किया जहा बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया इस दौरान एनसीसी अधिकारी कुलदीप सिंह चुंडावत, नायब सूबेदार जयराम बडक, सीएचएम राजिंदर सिंह एवं समस्त आर्मी स्टाफ उपस्थित रहा। यह रैली माननीय उपमुख्यमंत्री जगदीश जी देवड़ा साहब (मध्य प्रदेश शासन), माननीय सांसद महोदय सुधीर गुप्ता (जावरा मंदसौर एवं नीमच संसदीय क्षेत्र), अपर महानिदेशक मेजर जनरल एक महाजन, ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ जैन, के नेतृत्व में यह रैली लेह लद्दाख से कन्याकुमारी तक निकल जाएगी। सुबह 8:30 बजे नीमच से निकलकर 12:00 बजे सांवरिया सेठ के दरबार में साइकिल रैली पहुंची जहां पर लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश ने रैली को फ्लैग इन किया। साथ ही हिंदुस्तान स्काउट गाइड मध्य प्रदेश के राज्य सचिव गणेश शर्मा भी पहुंचे और पुष्प हार से स्वागत किया सांवरिया सेठ दर्शन करने के पश्चात शाम 5:00 बजे वापस रैली नीमच की ओर प्रस्थान करी जहां पर नीमच बटालियन में रात्रि विश्राम किया होगा साइकिल रैली कल सुबह नीमच से वापस मंदसौर की ओर प्रस्थान करेगी गांधी चौराहे पर करेली समाप्त होगी। लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश ने बताया कि ट्रूप कमांडर कनौजिया ने पूर्व में पर्वतारोहण कोर्स में कई चोटियों पर तिरंगा लहरा चुके हैं। जिसमे 1. कारगिल द्रास की चोटी मेचोई पिक 17694 फीट हाईट पर 25 अगस्त 2023 को तिरंगा लहराया, 2. तुलियांन लेख पहलगाम श्रीनगर (12,087 षीं), तिरंगा लहराया 3. हिमालय पर्वत दार्जिलिंग के नेतृत्व में नेपाल और भारत की बॉर्डर संदक्फू चोटी (11,930 षीं) तिरंगा लहराया, 4. अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण संस्थान के नेतृत्व में 5 बार हाटू चोटी नरकंडा (11152 षीं) हाईट पर तिरंगा लहराया, 6. मनमोहक चूड़धार चोटी 11965 फीट की उंचाई पर शिवालिक पर्वतमाला की सबसे उंची चोटि पर ट्रैकिंग गाइड कोर्स कंप्लीट किया और तिरंगा लहराया, हिमाचल प्रदेश सिरमौर जिला में साथ ही कनौजिया को उत्कृष्ट कार्य करने पर एडीजी कोमोडेशन अवार्ड से भी नवाजा गया, इस अवसर पर जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के पदेन अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पदेन उपाध्यक्ष एवं अनुविभागी अधिकारी शिवलाल शाक्य, पदेन उपाध्यक्ष एवं जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला एनसीसी अधिकारी विजय सिंह पुरावत, उपाध्यक्ष विश्व मोहन अग्रवाल, सचिन जैन, राकेश श्रीवास्तव, सहसचिव जयनीश बरडिया, कोषाध्यक्ष धीरज शुक्ला, ललित परमार आदि ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सेन समाज का हरियाली महोत्सव एवं जला बैठक हर्षोल्लास से संपन्न, पौधे रोपे



**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिला सेन समाज के तत्वाधान में बंजारी बालाजी मंदिर परिसर सीतामऊरोड मंदसौर पर समाज का हरियाली महोत्सव एवं वृहद जिला बैठक समाज के वरिष्ठ विष्णु सेन कछावा मल्हारगढ़ मोतीलाल चौहान साठखेड़ा , रामेश्वर गहलोत सुठोद के मुख्य सानिध्य, सेन समाज जिला अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत की अध्यक्षता एवं जिला युवा अध्यक्ष संजय चौहान बोलिया के विशेष सानिध्य में संपन्न हुई।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उद्बोधन में सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक एकता से ही समाज की उन्नति संभव है सभी समाजजनों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर समाज के विकास में अपना योगदान प्रदान करना चाहिए। इस अवसर पर समाज हित में विभिन्न विषयों पर विचार मंथन हुआ एवं सर्वसमिति से निर्णय लिया गया। जिसमें माह सितंबर में आयोजित मंदसौर नगर में आयोजित होने वाली प्रतिभा सम्मान समारोह में सर्व अनुमति से कक्षा 10वी, 12वी, स्नातक, स्नौकत्तर, बीई बीटेक में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अथवा 7 सीजीपीए प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को, जे ई, नीट या अन्य परीक्षा के माध्यम से जिले के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थियों, विभिन्न क्षेत्रों से सेवारत चयनित सामाजिक कार्यकर्ता, 1 जनवरी 2023 के पश्चात सेवानिवृत हुए समाज के शासकीय सेवकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही जिले में निवासरत समाज की जनगणना पत्रक, सामाजिक एकता, समाज की जाजम पर लिए गए निर्णय सर्वमान्य रहेगा एवं समाज की एकता के लिए दृढ संकल्पित होकर कार्य करने एवं समाज संगठन को मजबूत करने पर विचार मंथन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ हरियाली महोत्सव के रूप में बंजारी बालाजी मंदिर में समाज जनों के द्वारा पौधारोपण, बालाजी और संत शिरोमणि सेनजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं अतिथि सत्कार के साथ हुआ।

इस अवसर पर गिरीराज चौहान बाबुल्दा द्वारा दुधाखेडी माताजी के एक बीघा जमीन दान देने के की घोषणा, खेमराज राठौर का शिक्षा विभाग में बीएमएस पद पर प्रमोशन एवं कन्हैयालाल परमार का मंदसौर तहसील अध्यक्ष मनोनीत होने पर सम्मान किया गया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में मोन रखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी का सर्वश्रेष्ठ प्रकाश सेन ढाबला महेश जिला उपाध्यक्ष राजेश राठौर संयोजक सीतामऊ किशोर खटवड दिलीप गुजराती जिला उपाध्यक्ष , दीपक राठौर, राजेश सोलंकी चंद्रपुरा परामर्श दाता , देवीलाल परमार जिला उपाध्यक्ष नगरी, रामेश्वर बोराना, उदयराम (गुड्डू) चौहान जिला उपाध्यक्ष , किशोर सेन मानपुरा जिला युवा उपाध्यक्ष राकेश भाटी,, जीला युवा उपाध्यक्ष विनोद सेन, डॉक्टर जितेंद्र सेन, फूलचंद, प्रभुलाल सेन जग्गाखेडी, अनिल वप्ता, राधेश्याम सेन खेडा, उपेंद्र चौहान, विजय गहलोत, डॉक्टर राजेश बोराना, अर्जुन राठौर, अंतिम देवड़ा, हीरालाल सेन, गोविंद परमार, दिनेश सोलंकी, कन्हैयालाल परमार, मुकेश परमार राहुल चौहान, अनिल चौहान, देवीलाल सेन तुलसीराम सेन, मनीष राठौर, राजेंद्र कुमार सोलंकी, प्रभुलाल सेन, मुकेश सेन, रमेश सेन, विनोद सेन, भागीरथ सेन, पवन सेन, सत्यनारायण भाटी, दिलीप भाटी, अनिल सेन, राठौर, श्यामलाल देवड़ा, रामदयाल सेन, सतीश देवडा, महेश सेन, शिव परमार, मिथुन सेन, रामेश्वर सेन, गोपाल सेन, गोपाल देवड़ा, आशीष राठौर, राधेश्याम लोध, प्रहलाद सेन, बाबूलाल सेन, भूपेन परिहार, अमित सोलंकी, रमेशचंद्र देवड़ा, मदनलाल सेन, घनश्याम गहलोत, राजेंद्र पंवार, कैलाशचंद्र भाटी, अनिल खरवार, डॉ रमेशचंद्र राठौर, दिनेश गहलोत सहित सैकडो की संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार चौहान जिला कोषाध्यक्ष ने किया है आभार जिला सचिव अशोक मकवाना ने माना।

## अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना मंच द्वारा कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह सम्पन्न

**मनासा, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 78वें स्वतंत्रता दिवस पर मैन ऑफ़ टाइम- विश्व. सुरक्षा अभियान..अंतर्राष्ट्रीय सदभावना मंच के तत्वावधान में 135 वां आयोजन- मोहब्बत है वतन से..जागो हिन्दुस्तान..सेमिनार-कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह संस्थापक-अध्यक्ष कवि संदीप कपूर वक़्तनाम की अध्यक्षता में किया गया।

उदघाटनकर्ता सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी दिल्ली के सेवा निवृत्त केंद्र निदेशक साहित्यकार अरूण कुमार पासवान, मुख्य अतिथि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार दूरदर्शन पटना के केंद्र निदेशक डॉ. राजकुमार नाहर, विशिष्ट अतिथि गुरु एक्सप्रेस के वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा, महासचिव समाजसेवी संध्या कपूर, संरक्षक सेवा निवृत्त पुलिस महानिरीक्षक रघुनाथ प्रसाद सिंह, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सेवा निवृत्त वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, अध्यापक ब्रजेश कु. प्रसाद गौरव, ई.अजीत कुमार सिंह, कार्यक्रम निर्देशक डॉ.कृष्णा सिंह एवं कला निर्देशक डॉ. तृप्ति कुमारी तान्या ने स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दिया। जय भारत उदघोष के साथ स्वागत-गान कवयित्री ब्राह्मी कपूर और कवयित्री विश्वांगी कपूर ने किया- स्वागतम् इस्तकबॉल वेलकम। सेमिनार में विश्वगुरु भारत- वर्तमान विसंगतियां और समाधान पर साहित्यकार अरूण कुमार पासवान ने सारगर्भित वक्तव्य दिया। सेमिनार में कवि संदीप कपूर वक़्तनाम ने कहा कि विश्वगुरु भारत सदियों से विभिन्न सभ्यताओं और संस्कृतियों को अपने में समेटे हुए है, समय-समय पर अनेक समस्याओं और संकटों का सामना करते हुए 21वीं सदी में प्रवेश किया है। वर्तमान विसंगतियों में हम आत्मदर्शन- 12 सूत्र को अपनाकर आत्म रक्षा, राष्ट्र रक्षा और विश्व.सुरक्षा कर सकते हैं। आत्मदर्शन से ही राष्ट्र-जागरण और विश्व-परिवर्तन संभव है। इस दिशा में साझा संग्रह मोहब्बत है वतन से और जागो हिन्दुस्तान पुस्तक विश्व.कीर्तिमान स्थापित करेगी। साहित्यकार अरूण कुमार पासवान, डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ.तृप्ति कुमारी तान्या, कवि विमल कुमार, कवयित्री स्मृति कुमकुम, दिल्ली पुलिस पदाधिकारी कवि गुरमीत सिंह मीत मरजाना, कवि सुयश श्रेयस, कवयित्री ब्राह्मी कपूर, कवि आशीष अम्बर, कवयित्री विश्वांगी कपूर, कवि लक्ष्मीनारायण सेन, कवि सुनील कुमार आर्य, कवयित्री सिम्पल काव्यधारा ने अपनी देशभक्ति.रचनाओं की प्रस्तुति दिया। सभी आमंत्रित साहित्यकार-पत्रकार-सांस्कृतिककर्मी और समाजसेवी बंधुओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.कृष्णा सिंह ने किया।

## पशुपतिनाथजी की शाही सवारी के साथ ओखाबावजी भी निकलेंगे नगर भ्रमण पर



**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आज 19 अगस्त 2024 को भगवान श्री पशुपतिनाथ की शाही सवारी के साथ ही भगवान शिव के गण तथा दशपुर नगर के द्वारपाल चन्द्रपुरा स्थित श्री ओखा बावजी (बटुक भैरव) भी सुसज्जित सवारी में नगर भ्रमण कर नगर वासियों के दु:ख दर्द दूर करेंगे। बटुक भैरवनाथ (ओखा बावजी) दशपुर नगरी के द्वारपाल है उनकी महिमा अपार है जिनके दर्शन तथा मंदिर परिसर में स्थित कुएं के जल के सेवन मात्र से कई असाध्य रोग दूर हो जाते है। सात देवों के रूप प्रतिष्ठित होकर ओखाबावजी सात प्रकार की बीमारियों को भी दूर करते हैं। इनमें ओखाबावजी-बुखार, टाईफाईड, छोटे बच्चों को नजर से बचाव जिससे उन्हें होने वाली बिमारियों को दूर करना, शरीर पर बारिक दाने होना, पानीझरा बावजी-आंखो से आंसू आना, पानी पीने की मात्रा बढना, बेरा बावजी-कानों से सुनाई न देना, आंखों की रोशनी कम हो जाना, बेण्डा बावजी-मानसिक संतुलन बिगड़ना, गुंगा बावजी-गले से आवाज बंद होना, अनोखा बावजी-बुरे स्वप्न आना, बहकी हुई बातें करना आदि विशेष प्रकार के रोगों को हरकर अपने भक्तों के कष्ट दूर करते हैं।

नगर भ्रमण से पूर्व प्रात: काल बजे पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में ओखाबावजी की अगवानी प्रात: कालीन आरती मण्डल के अध्यक्ष दिलीप शर्मा व मण्डल के सदस्यों द्वारा की जायेगी। संतों के सानिध्य में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटील, कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ओखाबावजी का महाभिषेक करेंगे। ओखाबावजी मोतीबावजी चरण सेवक समिति के आलोक शर्मा, ब्रजेश जोशी, नरेन्द्र अग्रवाल, नरेन्द्र धनोतिया, धर्मवीर रत्नावत, नेमीचंद राठौर, संजय लोढ़ा, पुष्पराजसिंह राणा, आशुतोष नवाल, नन्दू आडवानी, पंकज शर्मा, प्रकाश सिसौदिया, जितेश फरक्या, कमल गोस्वामी, दिनेश चौधरी, सचिन जैन, दिलीप सेठिया एवं सांई पालकी मानव सेवा समिति मंदसौर ने सभी धर्मालुजनों से महाअभिषेक व शाही सवारी में सम्मिलित होने की अपील की है। इस बार ओखाबावजी को आशीर्वाद देते हुए झांकी का आयोजन किया जाएगा, यह झांकी जगदीश पेंटर नाटाराम एवं कलाकारों द्वारा बनाई जाएगी। यह जानकारी शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने दी।

### किया सहस्त्रधारा अभिषेक, भोले बाबा का श्रृंगार

**नीमच, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** उदय विहार में निवासित महिला मंडल के द्वारा शनिवार को सावन की पवित्र माह के शनि प्रदोष के अवसर पर उदय विहार में स्थित भोलेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान शिव का सहस्त्रधारा से अभिषेक किया गया। जिसमें बडी संख्या में महिला रहवासी शामिल हुए। किरण अग्रवाल पूनम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की शनिवार को दोपहर 1.00 बजे उदय विहार महिला मंडल द्वारा सहस्त्र धारा अभिषेक रखा गया यह अभिषेक पंडित श्री लक्ष्मण जी शास्त्री और दुर्गा शंकर जी नागदा के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का सहस्त्रधारा अभिषेक किया। बाद में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। प्रदोष पर महादेव का विशेष श्रृंगार भी किया गया। यहां दिन भर श्रद्धालुओं का दर्शनों व अभिषेक के लिए तांता लगा रहा।उदय विहार में भोलेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिदिन अभिषेक किया जा रहा है वहीं महिला मंडल की ओर से प्रतिदिन सावन माह के अवसर प्रतिदिन शिवजी का विशेष श्रृंगार के साथ भजन कीर्तन भी किया जा रहा है। पिछले सोमवार यहां पर 56 भोग का आयोजन भी किया गया था।इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।इस महिला मंडल महिला से अनीता शर्मा, शांति खेडा शान्ति जायसवाल रीना, बसंती नागदा ममता लखेरा, याशी वर्मा, , नम्रता गुजराती, गायत्री, श्री मती सहित महिला मंडल शामिल रहा।

## निर्भय भवन रामद्वारा में संत स्वामी श्री निर्भयरामजी की 72वीं पुण्यतिथि श्रद्धा से मनी

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के 12वें आचार्य श्रीमद् जगद्गुरु स्वामी श्री निर्भयरामजी महाराज की 72वीं पुण्यतिथि श्री निर्भय भवन रामटेकरी रामद्वारा में श्रद्धाभक्ति के साथ मनाई गई। धर्मधाम गीता भवन ट्रस्ट के संस्थापक अन्तर्राष्ट्रीय संत स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के गुरूदेव स्वामी श्री निर्भयरामजी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर बडी संख्या में रामस्नेही भक्त एवं श्रद्धालुजन एकत्र हुए। प्रारंभ में वाणीजी का पाठ, तत्पश्चात् भजन संकीर्तन एवं आरती की गई, इसके पूर्व स्वामीजी के बारे में धर्मक्षेत्र में उनके द्वारा किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्यवसायी सर्वश्री सूरजमल अग्रवाल चाचाजी, चेतन्य आश्रम ट्रस्ट अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, गीता भवन के ट्रस्टीगण जगदीश चौधरी, अशोक त्रिपाठी, बंशीलाल टांक, विनोद चौबे, शेषनारायण माली के अलावा जिला प्रेस क्लब के संरक्षक नरेन्द्र अग्रवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी के अलावा संपादक श्री लोकेश पालीवाल, डॉ. दिनेश जोशी, हंसराज कबाडी, सुभाष अग्रवाल, करनी इंटरनेशनल स्कूल के संचालक राजेन्द्रसिंह अखावत, रजनीश पुरोहित, गौरव अग्रवाल, ओम चौधरी एडवोकेट, कुलदीपसिंह पंवार, एड. सोहनलाल कोठारी के अलावा महिलाओं के प्रमुख रूप से विद्या उपाध्याय, अंजू तिवारी, चन्द्रकांता मारोठिया, अनुपमा बैरागी, निर्मला माली, हीना रामकुंवर, प्रमिला कमल जगावत किरण, सोनूचौधरी, प्रियंका कोठारी, गंगा अग्रवाल, अंजू अखावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एकत्र हुए। आभार श्री रामद्वारा की प्रबंध संचालिका ज्योतिषज्ञ लाडकुंवर दीदी ने माना।

### 100 स्त्री-पुरुषों की पदयात्रा सआनंद संपन्न

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री सांवलिया सेठ पदयात्रा संघ द्वारा मंदसौर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर प्रांगण से श्री सांवलिया सेठ मंदिर प्रांगण मण्डफिया तक की चार दिवसीय 115 कि.मी. की पदयात्रा सम्पन्न हुई। पदयात्रा का शुभारंभ मंदसौर में विधायक श्री विपिन जैन द्वारा दी गई शुभकामनाओं के साथ हुआ। समापन समारोह श्री सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में वरिष्ठ अभिभाषक श्री प्रकाश रातड़िया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर श्री प्रकाश रातड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि पदयात्रा से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पदयात्रा से जीवन में सद्गुण आवे इसी में इसकी सार्थकता है। स्वस्थ शरीर पवित्र मन और आत्मा की दिव्यता के बोध के लिये करूणा कारगर होती है। अनेक अलौकिक विभूतियों, आध्यात्मिक संतों और देश के महानुभावों ने पदयात्रा से स्वयं एवं देश को दिशा प्रदान की है। जगद्गुरु शंकराचार्य एवं सभी आध्यात्मिक विभूतियों एवं संतों द्वारा पदयात्रा को अपनाया गया है। गांधीजी, विनोबा भावे, चन्द्रशेखर एवं राहुल गांधी की पदयात्रा इतिहास के पृष्ठों पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। आपने सभी पदयात्रियों को सआनंद पद यात्रा सम्पन्न करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री सांवलिया सेठ पदयात्रा संघ के अध्यक्ष दिनेश जोशी, जिला बीमा अभिकर्ता संगठन के अध्यक्ष योगेन्द्र जोशी, पदयात्रा संयोजक व समाजसेवी इन्द्रेश जोशी, रमेश जोशी, ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पदयात्रियों ने अपने संस्मरण भी सुनाये। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी श्री अमृतराम सुनार्थी, युवा अभिभाषक आयुष मोदी, विधि विद्यार्थी, शुभम जैन बनी, सुरेन्द्रसिंह बागडी, जीवन पाटीदार, सत्यनारायण कुमावत, समाजसेवी अरविंद शर्मा, रमेश पंडीत, नाथुलाल कुमावत, राजेश व्यास, हरिश जोशी, पवन सेन सहीत अनेक भक्तजनों ने आयोजन में सहभागिता की। मंगलवाडा के सरपंच श्री भेरूलाल जायसवाल ने स्वागत किया। संचालन इन्द्रेश जोशी ने किया व आभार दिनेश जोशी ने माना।

### प्रमुख मार्गों पर आवारा मवेशी नियंत्रण के लिये समिति गठित

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन द्वारा प्रमुख मार्गों पर 15 दिवस का विशेष अभियान चलाया जाकर आवारा मवेशी नियंत्रण के लिये कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये आवारा मवेशी समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव, गृह रहेंगे। गौरतलब है कि इसके पूर्व शासन द्वारा सभी जिला कलेक्टर्स को प्रमुख मार्गों पर आवारा मवेशियों के नियंत्रण हेतु निर्देश जारी किये गये थे। समिति में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग और प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग को सदस्य बनाया गया है। प्रमुख सचिव नगरीय आवास एवं विकास समिति के सदस्य सचिव रहेंगे। विशेष अभियान अंतर्गत मवेशियों के नियंत्रण हेतु प्राप्त सुझावों को भी शामिल किया जायेगा।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर के घायल होने पर ग्रामीण जनों द्वारा पक्षी प्रेमी होने का दिया गया परिचय

**मनासा/मेरियाखेड़ी, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम मेरियाखेडी के अंतर्गत आने वाले वन्य क्षेत्र में एक मोर के घायल होने पर मेरियाखेडी में निवासरत दुर्गेश धनगर द्वारा ग्राम में सूचना पहुंचाई गई की एक मोर घायल अवस्था में वन्य क्षेत्र में पाया गया सूचना मिलने पर दिनेश धनगर तूफान सिंह धनगर पप्पू धनगर गोपाल धनगर नानालाल धनगर द्वारा मोर को वन क्षेत्र से उठाकर गांव में लाया गया दिनेश धनगर महेश धनगर द्वारा वन्य विभाग की टीम को सूचित किया गया जहां मौके पर मनासा वन विभाग टीम के रेस्क्यू ऑफिसर नवल सिंह सिकवाल और वाहन चालक परेम सिंह गोड ने मौके पर पहुंच कर राष्ट्रीय पक्षी मोर का उपचार कर सावधानी पूर्वक मनासा ले जाया गया।

### राजसात वाहनों के निर्वतन हेतु निविदा 23 जमा करावें

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना कोतवाली मंदसौर, थाना वायडी नगर, थाना नई आबादी एवं थाना दलोदा में अवैघ परिवहन में जप्तशुदा, राजसात किये गये वाहनों की नीलामी हेतु 23 अगस्त 2024 तक शाम 5 बजे तक कार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर में जमा करवा सकते है। निर्धारित दिनांक एवं समय पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाएं ग्राह्य नहीं की जावेगी। प्राप्त निविदाएं 27 अगस्त 2024 को दोहपर 1 बजे कार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक पर उपस्थित निविदाताओं/अधीकृत प्रतिधि के समक्ष गठित समिति द्वारा खेली जायेगी। निविदा की शर्ते एवं निविदा क्रय/प्राप्त किया जाता तथा अन्य जानकारी अवकाश के दिनों को छोडकर प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालीन समय में देख सकते है।

### महाराणा प्रताप राइफ़ल क्लब के शूटर ने बढ़ाया मंदसौर का मान

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** इंदौर स्थित महु के आर्मी मार्क्समेनशिप यूनिट में आयोजित 27वी राज्य स्तरीय राइफ़ल शूटिंग स्पर्धा में मंदसोर की एक मात्र शूटिंग अकैडमी महाराणा प्रताप राइफ़ल क्लब से 5 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें तरुण प्रताप सिंह सोलंकी 10मीटर पिस्टल शूटिंग ,जय प्रताप सिंह सोलंकी शॉटगन शूटिंग (डबल ट्रैप),कृति भाटी 10 मीटर राइफ़ल शूटिंग, लोकेंद्र सिंह भाटी शॉटगन शूटिंग( डबल ट्रैप ) , चंद्रवीर सिंह राठोर 10 मीटर राइफ़ल शूटिंग में भाग लेकर प्री-नेशनल में जगह बनाई, साथ ही कृति भाटी की पूरे मप्र में सीनियर केटेगरी में 10वी रेंक बनी है। जो की पूरे मंदसोर लिए गर्व की बात है आगामी सितम्बर में होने वाली 33 वी. आल इंडीया जी. वी. मावलंकर शूटींग चेम्पीयनशीप एवं वेस्ट ज़ोन की ट्रेनींग महाराणा प्रताप राइफ़ल क्लब , मंदसौर में चल रही है यह कंपटीशन क्वालीफाई करके सभी खिलाडी राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी बन जाएंगे। इस पर सांसद सुधीर जी गुप्ता , विधायक श्री विपिन जी जैन, एवं कलेक्टर महोदया ने उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामना दी। उक्त जानकारी संचालक महाराणा प्रताप रायफल क्लब, सीतामऊरोड लाभ मुनि हॉस्पिटल , नैन कांप्लेक्स, मंदसौर गौरव प्रताप सिंह सोलंकी द्वारा दी गई

### रक्षाबंधन भाई-बहनों के अटूट प्यार और स्नेह का पर्व - प्रभारी मंत्री

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास व जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने सभी लाडली बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाडी सहायिकाओं के साथ-साथ पूरे प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएँ दीं है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन, भाई-बहनों के अटूट प्यार और स्नेह का पर्व है।

प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि आज के दिन हमें सभी महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बच्चों को स्वस्थ बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रदेश की समस्त बहनों के मंगल तथा कल्याण के लिए हम सभी प्रार्थना करें। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि आइये हम सब इस अवसर पर प्रेम भाव बनाये रखने का प्रण करें और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और विकसित मध्यप्रदेश बनाने के प्रयासों को संबल दें।

### कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**नीमच, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने रविवार को जिला जेल कनावटी का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं जिला जेल में पौधारोपण भी किया। जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही जेल में रह रहे कैदियों से जानकारी ली, कैदियों का हाल भी जाना कैदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। इस मौके पर उप अधीक्षक यशवंत कुमार माझी के साथ अन्य जेल अधिकारी भी उपस्थित थे।

# नीमच में मेडिकल कॉलेज की बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है-सांसद

## सांसद, विधायकगणों एवं कलेक्टर ने किया नीमच में मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण



**नीमच, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सांसद श्री सुधीर गुप्ता एवं नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू ने रविवार को नीमच में 256 करोड की लागत से नवनिर्मित श्री वीरेंद्र कुमार सखलेचा शा.चिकित्सा महाविद्यालय भवन का निरीक्षण कर, निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। यहां उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर एवं अधिकारियों ने प्रोजेक्टर पर मेडिकल कॉलेज में निर्मित विभिन्न अलग-अलग कक्षो, विभिन्न क्लास रूम, छात्रावास कक्ष, प्रशासनिक भवन आदि का अवलोकन किया।

सभी जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने नीमच के मेडिकल कॉलेज भवन के निरीक्षण दौरान प्रशासनिक भवन, अध्यानपन कक्ष, डीन कक्ष, स्टावफ रूम, बालक एवं बालिका कामन कक्ष, चिकित्साप शिक्षा ईकाई, प्राध्यापक कक्ष, आई.टी.सर्वर कक्ष, 680 कैमरा युक्त कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया एवं मेडिकल कॉलेज भवन में उपलब्धा सुविधाओं की जानकारी ली। सांसद श्री गुप्ता ने उपस्थित कॉलेज के स्टाफ एवं अधिकारियों से शेष कार्य को शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश देते हुए कहा, कि प्रयास किए जाए, कि इसी सत्र में मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा विद्यार्थियों का प्रवेश हो जाए और उनका अध्याकपन कार्य प्रारंभ हो। मेडिकल कालेज से संम्बद्ध करने के निर्देश भी दिए। सांसद श्री गुप्ता ने कहा, कि मेडिकल कालेज को नीमच जिलेवासियों के लिए एक बडी उपलब्धी है। तीन मेडिकल कॉलेज में से संसदीय क्षेत्र में से दो मंदसौर और नीमच को मेडिकल कॉलेज मिला है। अस्पताल में आनेजाने के लिए दिक्कत नहीं आए, इसके लिए नर्सिंग कॉलेज भी मेडिकल कॉलेज के आसपास ही नर्सिंग कॉलेज बने तथा स्टाफ की व्यवस्था तथा सभी व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ हो, हमारा प्रयास यह है, कि नीमच जिले के मेडिकल कॉलेज में 50 सीट आवंटित हो गई है तथा दूसरी अपील 100 सीटों की लगाई गई है, यह भी बहुत जल्दी पूर्ण हो जाएगी। इससे नागरिकों को बेहतर चिकित्सास सुविधाएं स्थाकनीय स्त र पर सहजता से उपलब्ध हो सकेगी।

इस मौके पर विधायक श्री परिहार ने कहा, कि जिले में पूर्व मुख्यमंत्री श्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा के नाम पर यह मेडिकल कॉलेज प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी एवं जनप्रतिनिधियों की वजह से यह सौगात मिली है, संसदीय क्षेत्र में तीन मेडिकल कॉलेज , मंदसौर नीमच में 50-50 सीटें उपलब्ध हो गई है तथा 100 सीटों के लिए प्रयास कर रहे हैं। पहले मरीज को रेफर करना पड़ता था , अब ऐसा नहीं होगा अपने जिले में भी डॉक्टरों की उपलब्धता हो गई है। इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारू, नीमच विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी मेडिकल कॉलेज के डीन एवं प्राध्या, पकगण व अधिकारी उपस्थित थे।

दिनांक 19 अगस्त 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**मालव्य नामक पंच महापुरुष योग..**



✲ शुक्र ग्रह जब किसी जन्मकुंडली में वृषभ ,तुला या मीन राशि का होकर केंद्र स्थान में बैठा हो तब मालव्य योग का निर्माण होता है, इसमें जन्म लेने वाले जातक धनवान सुखी, धैर्यवान, वीर्यवान स्त्रीएवं संतान से सुखी, सभी सुखों का भोग करने वाले और यशस्वी होते हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720

### पशुपतिनाथ की शाही सवारी पर विशेष-



पशुपतिनाथ की शाही सवारी
जलाभिषेक करती
सावन की फुहार
शिव को प्रिय सावन
सावन का सोमवार।
शिवोह्म की गूंज उठे
डमरू बाजे घाटों पर
बम भोले बोल उठे
त्रिपुण्ड बने ललाटो पर।
दशपुर की अष्टमुखी
प्रतिमा एक न्यारी
नगर भ्रमण करेगी आज
पशुपति की शाही सवारी।

**-नन्दकिशोर राठौर, मंदसौर**

# मध्यप्रदेश मना रहा है बहनों के सशक्तिकरण और सम्मान का उत्सव



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हर बहन को सुख, समृद्धि और आत्मसम्मान से परिपूर्ण जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं

–भैया मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



*मैं पूरा सावन महीना बहनों को समर्पित कर रहा हूं। जब से सावन शुरु हुआ रोज राखी मन रही है। बहन सच्चे अर्थों में मां-बाप के बाद उनकी कमी की पूर्ति करने के बराबर प्रेम करती है। आज के दिन आपका भाई मोहन यादव आपके सुख-सम्मान और स्वावलंबन के संकल्प को साकार करने का वचन देता है।*

## महिलाओं के सशक्तिकरण को नयी दिशा

- 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर्व पर प्रतिमाह ₹1250 के अतिरिक्त ₹250 का विशेष उपहार, अब तक ₹22 हजार करोड़ की सहायता
- मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप्स नीति-2022 में महिला स्टार्ट-अप्स को 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट
- डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त 4400 स्टार्ट-अप्स में से 46 प्रतिशत महिलाओं द्वारा स्थापित
- एमएसएमई के माध्यम से 14 हजार से अधिक महिलाएं उद्योग एवं स्वरोज़गार से जुड़ीं
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुई आत्मनिर्भर
- महिला के नाम संपत्ति किये जाने पर पंजीयन शुल्क में 2 प्रतिशत की छूट
- पीएम आवास योजना में आवास पर मालिकाना हक महिलाओं के नाम
- गैस सिलेंडर रीफिल योजना में उज्ज्वला और लाड़ली बहनों को मिल रहा ₹450 में सस्ता गैस सिलेंडर
- मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में मिल रहा 81 लाख लाड़ली बेटियों को लाभ
- महिलाओं की सुरक्षा सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर-पुलिस सहायता 100, वन स्टॉप सेंटर (सखी) 181 एवं सायबर क्राइम 193 उपलब्ध

D-11049/24

#मोहन_भैया_का_राखी_उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़ने के लिए स्कैन करें।

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP

JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

# शिक्षा जगत के प्रिय नेता श्री रामकृष्णजी नवाल का निधन; एक अपूरणिय क्षति



**वेदों का वाक्य है कि 'नीति निपुण लोग चाहे निंदा करें प्रशंसा, लक्ष्मी रहे या जहां उसकी इच्छा हो वहां चली जाएं, मृत्यु आज होती हो या 100 वर्ष बाद, किंतु धैर्यवान पुरुष कभी भी न्याय एवं सत्य के पथ से विचलित नहीं होते। उक्त कसौटी पर जीवन भर खरे उतरे हैं श्री रामकृष्ण कालूरामजी नवाल, जिन्होंने आर्थिक कठिनाइयों और अनेक पारिवारिक संघर्षों के बीच एमए, डीएड किया तथा शासकीय सेवा में शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए साथ ही साथ इन्होंने आयुर्वेद रत्न की परीक्षा पास कर होम्योपैथी चिकित्सा के माध्यम से अनेक लोगों की सेवा की। उसमें अनेक ऐसे लोग भी आए जिन्होंने चिकित्सा की फीस भी नहीं दी और दवाइयां भी फ्री में ले गए, किंतु श्री नवाल साहब ने अपनी उदारता का परिचय देते हुए उनसे कभी भी पैसे की मांग नहीं की और परिवार में यदि चर्चा होती तो भी यही कहते कि हमने सेवा का व्रत धारण किया है, चिकित्सा का व्यवसाय हमारा उद्देश्य नहीं है।**

श्री रामकृष्ण नवाल सन 1954 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने तथा एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में स्थापित हुए। सन् 1961में शासकीय सेवा में जाने के बाद शिक्षकों की समस्या के लिए संघर्ष करने एवं नेतृत्व करते हुए सन 1980 में आपने मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष बनने के बाद प्रांतीय संगठन मंत्री का दायित्व संभाला और निरंतर तथा अखंड मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी को आपने बड़ी कुशलता से निभाया।

किंग मेकर की भूमिका में आपने अपने प्रयासों से अनेक शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं पाठ्य पुस्तक निगम का सदस्य बनवाया। यही नहीं 1990 के दौर में पंधाना विधानसभा क्षेत्र के श्री किशोरीलाल वर्मा जो मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष रहे थे, उन्हें सरकार पर दबाव बनाकर शिक्षा राज्यमंत्री बनवाया। इस कार्य में उस समय क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री बाबूलाल जी फरक्या ( अवंतिका मंदसौर) के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इसी प्रकार भारत में शिक्षकों की प्रतिनिधि संस्था अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आप क्षेत्रीय प्रमुख रहे, जिसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्य सम्मिलित थे। तथा 2014 -15 से सर्व शिक्षक संघ के प्रांत संयोजक के नाते आप अपना दायित्व अभी तक भी निभाते रहे थे।

सामान्यत: रिटायरमेंट के पश्चात शासकीय कर्मचारी सभी दायित्वों से अपने आप को मुक्त समझने लगते है एवं एक अनचाहे, अनजाने डिप्रेशन में चले जाते हैं, किंतु श्री नवाल साहब 31 जुलाई 2001 को रिटायरमेंट के बाद से ही लगातार जीवन के अंतिम समय तक सामाजिक सरोकारों एवं शिक्षकों की समस्याओं के लिए निरंतर जूझते रहे। 86 साल की उम्र में भी श्री नवाल साहब के पास मंदसौर नीमच जिले सहित प्रदेश के अनेक शिक्षक अपनी शासकीय समस्याएं लेकर आते तो, उनके लिए आवश्यकता अनुसार ड्राफ्टिंग, उचित कार्रवाई का मार्गदर्शन, कानूनी सलाह इत्यादि देने का कार्य वह बखूबी निभाते रहे।

विगत 10 अगस्त को नवाल साहब हमारे बीच नहीं रहे। यह सम्पूर्ण शिक्षा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। किंतु ईश्वर के निर्णय के समक्ष हम सभी विवश हैं तथा अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं।

**✻ रमेशचन्द्र चन्द्रे**
**शिक्षाविद्, मंदसौर**

# 'राम-कृष्ण' के चरणों में श्री नवाल

**श्री रामकृष्ण नवाल शिक्षा जगत का एक ऐसा नाम जो कभी भुलाए नहीं भुलाया जा सकता। अब राम कृष्ण दादा श्री राम और श्री कृष्ण के श्री चरणों में सदा के लिए विश्राम को भले ही चले गए हों, किंतु उनका 'आशीष' हमें सदा-सदा आशुतोष स्वरूप मिलता रहेगा।**

वैकुंठाधिपति चराचरपति श्री हरि विष्णु ने सृष्टि में मर्यादा और अधिकार व सच के लिए लड़ने हेतु मर्यादाओं को भी लांघने की क्षमता रखने वाले दो अवतार लिए थे, जिनमें एक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम थे तो दूसरे पूर्ण पुरुषोत्तम श्री कृष्ण हुए। दोनों ही की लीलाओं से यह भली भांति सीखा जा सकता कि किस तरह जीवन को मर्यादित रखना है और किस तरह यदि सच का और अधिकारों का हनन हो रहा हो तो कैसे मर्यादाओं को लांघना है। ऐसे ही गुणों का वट वृक्ष रहे आदरणीय श्री रामकृष्ण नवाल (दादा) अब हमारे बीच नहीं रहे। रामकृष्ण दादा जीवनभर अपने नाम के अनुरूप तमाम मर्यादाओं में भी रहे और यदि किसी के अधिकारों या सच का हनन हो रहा हो तो मर्यादाओं को लांघ कर उसकी हर सम्भव मदद भी की। उनका मर्यादा रूपी गुण आज भी उनके दोनों पुत्रों आशुतोष भैया, आशीष भैया व उनके पढ़ाए लगभग हर छात्र में दिखाई पड़ता है, तो वहीं मर्यादाओं को लांघकर अपने शिक्षक साथियों के लिए जो उन्होंने जीवनभर लड़ाई लड़ी है, यह उनके पूर्ण पुरुषोत्तम स्वभाव को इंगित करता था। उनकी मर्यादाओं का एक उदाहरण यह भी रहा कि अपने शैक्षणिक साथियों की तमाम मदद करने के दौरान उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि वे खुद एक दैनिक अखबार के संस्थापक भी हैं। अन्यथा वर्तमान में हो यह रहा कि जिनको अखबार का 'अ' भी याद नहीं वे प्रेस जगत का न जाने क्या-क्या दुरुपयोग करते फिर रहे हैं! खैर 9 अगस्त की रात्रि से ही सुन रहा हूँ और जैसा कि मैंने स्वयं ने ऊपर लिखा है कि रामकृष्ण दादा अब हमारे बीच नहीं रहे, जबकि एक सत्य यह भी है कि इस तरह की शख्सियत कभी मरा नहीं करती बल्कि उनके सिद्धांत और आदर्श सदा-सदा के लिए हमारे अंतर्मन में स्थापित रहते हैं।



दादा को विनम्र श्रद्धांजलि एवं ईश्वर से यही प्रार्थना है कि ईश्वर नवाल परिवार को यह वज्रपात झेलने की क्षमता प्रदान करें।

**श्रद्धावनत्**
**✻ ललित एम. पटेल, पत्रकार, मंदसौर**

## शासकीय कर्मचारियों के लिए प्रेरणापूंज थे नवालजी



सरल, सहज, व्यक्तित्व के धनी , साहित्यिक लेखनी से सामाजिक विभीषिकाओं को शब्द कसौटी से उल्लेखित करने वाले, एक श्रेष्ठ शिक्षक, एक श्रेष्ठ पिता, एक उत्कृष्ट श्रोता, एक स्पष्ट वक्ता के रूप में ख्याति प्राप्त अनेक लोगों के प्रेरणा पुंज आदरणीय श्री रामकृष्ण जी नवाल साहब का श्रीजी शरण का समाचार हृदयस्पर्शी पीड़ा देने वाला रहा। आदरणीय नवाल साहब मेरी नेमिशारण्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के श्रोता थे। स्वयं उत्कृष्टस्तर के साहित्यिक विद्वान होते हुए भी भागवतीय सभा में शांत चित्त से कथा श्रवण कर प्रेरणा देने वाले थे महामना नवाल साहब।

आज नवाल साहब का पंचभौतिक शरीर हमारे मध्य नहीं है। लेकिन, विराट व्यक्तित्व लिए आपकी दूरदृष्टि, उज्जवल संस्कार, स्निग्ध प्रेम -स्नेह हमारे लिए संबल शक्ति है। प्रिय आशुतोष भैया-आशीष भैया, अब आपको नवाल साहब की विरासत को सदसंकल्प के साथ आगे ले जाना है। मैं श्रीहरिहर आश्रम के श्रावण महोत्सव में भाग लेने के लिए पेटलावद आया था, इसलिए वेदना के इन क्षणों में स्वयं उपस्थित नहीं हो सका, इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। श्रीजी महाप्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि आदरणीय नवाल साहब को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतृप्त परिवार को इस कठिन घड़ी में साहस और संबल प्राप्त हो।

**अश्रुपूरित श्रद्धांजलि**
**✻ आचार्य देवेन्द्र, धारियाखेड़ी**

## कर्मचारियों के अग्रदूत, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी...

# कर्मयोगी रामकृष्ण नवाल साहब

**कुशल संगठक, प्रख्यात शिक्षाविद, प्रखर विचारक, शासकीय नियमों के विद्वान व्याख्याता रामकृष्ण नवाल का वेकुंठ धाम जाना सर्व वर्ग के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शासकीय कर्मचारियों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। शासकीय कर्मचारियों के लिए तो वे देवतुल्य थे। यदि प्रशासकीय तौर पर किसी कर्मचारी के साथ अन्याय हुआ और इसकी जानकारी नवाल साहब को मिली तो वे उस शासकीय कर्मचारी के लिए न केवल ढाल बनकर खड़े रहते थे वरन् उसे न्याय दिला कर ही दम लेते थे। फिर पीड़ित कर्मचारी चाहे केंद्र शासन का हो अथवा राज्य शासन का। शासकीय नियमों की जानकारी के मामले में वह अपने आप में एक उत्कृष्ट पुस्तक थे। शासकीय नियमों की वह कर्मचारियों के हित में जिस तरह व्याख्या करते थे उसका लोहा बड़े-बड़े प्रशासकीय अधिकारियों को भी मानना पड़ता था। वे अन्याय करने वाले प्रशासकीय अधिकारियों को उनकी गलती मानने के लिए मजबूर कर देते थे।**

उन्होंने शिक्षक संघ को जिस तरह मजबूती दी, वह एक मिसाल है। ऐसा माना जाता रहा है की शिक्षक संघ की विचारधारा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से मिलती है और शिक्षक संघ भाजपा को समर्थन करता है। माने तो एक तरह से यह बात सही भी है। इसके बावजूद कर्मचारियों के हित में भाजपा की सरकार में भी प्रशासन से टकराने में कभी गुरेज नहीं किया। कई बार ऐसे मौके भी आए जब कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधियों यहां तक की मंत्रियों से भी भिड़ लिए। नवाल साहब के नेतृत्व में शिक्षक संघ ने कई नए आयामों को छुआ। आज भी शिक्षक संघ के कई वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी यह कहते नहीं थकते कि कर्मचारियों की समस्या का निराकरण करने के लिए काम नवाल साहब करते थे और नाम उनका होता था। कर्मचारियों के हित के लिए उन्होंने अंतिम समय तक कार्य किया। उनके देवलोक गमन के एक महीने पहले तक कर्मचारियों के लिए कार्य करते रहे। पीड़ितों के प्रति जुनून इतना की गंभीर बीमारी होने के बाद भी वह उनकी चिंता करते रहे। मुझे याद है कि जब वह इंदौर में अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थे। उनसे कहा था कि कई कर्मचारी अपनी समस्या के निराकरण के लिए आस में खड़े हैं। तो वह सहज होकर बोले कि मुझे आईसीयू से बाहर ले चलो, मैं ठीक हो जाऊंगा और संबंधित कर्मचारियों की समस्या का निदान कराने का प्रयास करूंगा। मेरी पत्रकारिता के जीवन में कभी भी किसी कर्मचारी नेतृत्व में ऐसा जज्बा नहीं देखा। उनकी धर्म के प्रति गहरी आस्था थी। वह अपने परिवार को धर्म के प्रति आस्था रखने की शिक्षा ही नहीं देते थे वरन् हिंदू तीर्थ स्थानों पर जाने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने भी चार धाम सहित देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर जाकर देव दर्शन किए। नवाल साहब न केवल शासकीय नियमों को जानने तथा उसकी कर्मचारी हित में व्याख्या करने के लिए ख्यात थे वरन् सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर भी उनकी मजबूत पकड़ थी। वे सादा जीवन, उच्च विचार के न केवल समर्थक थे वरन् उन्होंने पूरा जीवन पूर्ण सादगी के साथ ही जिया। कार्य करने के प्रति जुनून, दृढ़ इच्छा शक्ति, विवेकशील होने के कारण वे समाज में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। एक कर्मयोगी शख्सियत और कर्मचारियों के अग्रदूत थे रामकृष्ण नवाल साहब...।



**✻ पुष्पराजसिंह राणा**
**वरिष्ठ पत्रकार, मंदसौर**

## श्री नवालजी का संगठन के प्रति असाधारण था समर्पण



मेरे जीवन को नई ऊर्जा प्रदान करने वाले परम श्रद्धेय श्री रामकृष्ण जी नवाल साहब का संगठन के प्रति असाधारण एवं उच्च कोटी का समर्पण था। वर्ष 1986 में उन्हीं के आशीर्वाद से जब मेरी शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई, तब उन्होंने मुझे जावद तहसील का संयोजक बना दिया। मुझे कहा तैयारी कर मैं बैठक लेने आ रहा हूं। मैंने भी बैठक को सफल बनाने का अथक प्रयास किया। परंतु मेरे अलावा कोई भी अन्य शिक्षक बैठक में अपस्थित नहीं हुआ। मुझे निराश देखकर नवाल साहब बोले हिम्मत मत हार। तू भी बैठक में नहीं होता तो मैं दीवार से बात कर वापस चला जाता ।फिर कोशिश कर सफलता अवश्य मिलेगी। मेरे जीवन में व्यक्तिगत एवं संगठनात्मक गुत्थियां सुलझाने में उनकी प्रेरणाओं ने हमेशा मेरा मार्ग प्रशास्त किया। वे जैसे सरल दिखते थे वैसी ही उदारता सहृदयता एवं मानवता उनके अंदर कुट-कुट कर भरी हुई थी। बिना किसी पद प्रतिष्ठा की चाह के वे अनवरत संगठन कार्य करते रहे और नए नए कार्यकर्ता बनाकर संगठन की व्यापकता को द्रीगुणीत रूप से बढ़ाते रहे। राष्ट्र हित, शिक्षा हित, छात्र हित एवं शिक्षक हित संगठन के इस ध्येय वाक्य को सामने रखकर अपना सर्वस्व भारत माता के चरणों में समर्पित करना यह उत्कृष्ट राष्ट्र मंगल की भावना उनकी जीवन के प्रत्येक क्षण–क्षण से प्रस्फुटित होती थी।

मुझे लगता है मेरे प्रति उनका स्नेह उनके पुत्र आशुतोष आदि पुत्र–पुत्रियों से भी अधिक था। किंतु अब समझ में आ रहा है उनके सभी स्नेही ऐसा ही समझते हैं। ईश्वर ने उन्हें हमसे छीन लिया और वे आज हमारे बीच नहीं है। पर उनका खिलखिलाता चेहरा उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व कभी हमसे ओझल हो पाएगा! कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं.... उनके द्वारा प्रकाशित मार्ग ही मेरे जीवन का ध्येय है।

**✻ हिम्मतसिंह जैन**
**सरवानिया महाराज (नीमच)**

### ✻✻✻✻✻✻ अक्षरांजलि ✻✻✻✻✻✻

# पदों से परे कुशल संगठक थे श्री रामकृष्णजी



**अब कहां मिलेगा कोई ऐसा शख्स जो दिन-रात अपने साथियों के बारे में सोचता हो..अपनी चिन्ता को छोड़ अपने संगठन के लिए सतत तत्पर रहना वास्तव में यह केवल श्री रामकृष्ण नवाल जैसे कुशल संगठक ही कर सकते हैं। मुझे याद आता है कुछ शिक्षक मित्रों के साथ जब मैं भी उनका स्वास्थ्य पूछने निवास पर गया तो रुग्ण शैय्या पर भी वे अपने या घर परिवार के बारे में नहीं केवल शिक्षकों की समस्याओं उनके हितों और उनके लाभ के ही बारे में सोच रहे थे। वास्तव में किसी भी संगठन को ऐसा संगठक नहीं मिल सकता। वे पदों से परे थे। पद उनके सामने बोने लगते थे। कुछ व्यक्तित्व विरले ही होते हैं जो केवल अपने लिए ही नहीं औरों के लिए भी सोचते हैं।**

उनके हितों का ध्यान रखते हैं और उन्हें किसी भी तरह उनका अधिकार मिल जाए, न्याय मिल जाए, इस मिशन में लगे रहते हैं। क्षेत्र के शिक्षा जगत के स्थापित और सर्वमान्य शिक्षक नेता श्री राम कृष्णजी नवाल का नाम शिक्षा जगत में इसी श्रद्धा भाव से लिया जाता है।

इस अंचल के शिक्षा जगत के सुदृढ़ नेतृत्व की अनमोल निधि चली गई। एक शिक्षक या कर्मचारी नेता को कैसा होना चाहिए ये अगर सीखना हो तो नवाल साहब से सीखो। शिक्षक संगठनों की विविधिता से वे परे थे। कोई अनजान शिक्षक भी उनसे किसी भी तरह की मदद मांगता तो वे सदेव तत्पर रहते। उनमें एक खास किस्म का जुनून था। जब तक उनके समक्ष आई किसी भी शिक्षक साथी की समस्या का समाधान नहीं हो जाता उन्हें चैन नहीं मिलता। पत्राचार के मामले में उनका कोई जवाब नहीं था। नियमों की जानकारी शिक्षकों के हित में वे प्रावधान जो विधिसम्मत हैं किन्तु अधिकारियों द्वारा अनदेखे किए जाते हैं उनकी खोज में नवाल सर माहिर थे। उनके दीर्घ अनुभव और चीजों की समझ ने अनेक शिक्षकों के कई पेचीदा मसले सुलझे। कईयों को न्याय मिला, उनका अधिकार मिला। वास्तव में उनकी सेवाएं कभी भुलाई नहीं जा सकती। वे सिद्धातों के दृढ़ थे। अन्याय के खिलाफ हर संभव लड़ाई लड़ते।

उनके सिद्धांत प्रिय होने का ज्वलंत उदाहरण अभी कुछ बरस पहले का ही है। उनके स्वयं की विभागीय समस्या जिसका निराकरण जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा नहीं किया जा रहा था उसके खिलाफ वे स्वयं मैदान में उतरे। वर्तमान व्यवस्थाओं की विकृति देखिए कि जिन्होंने अनेकों को न्याय दिलाया उन्हें न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ा। उनकी जीवटता थी उन्होंने स्वयं के लिए भी संघर्ष कर यह संदेश दिया कि व्यक्ति को अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी पड़ती है। उनके दिए संस्कार और वातावरण ने उनके पुत्रों आशुतोष ओर आशीष को एक ऐसी पृष्ठभूमि दी कि वे गुरु एक्सप्रेस दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन कर रहे हैं। नवाल साहब की ये विशेषता भी उल्लेखनीय थी कि कभी भी वे अपने मिशन में अपने समाचार पत्र गुरु एक्सप्रेस का कोई जिक्र या उपयोग नहीं करते। अपने मुंह से कभी किसी को ये नहीं कहते कि हमारा भी अखबार है। वास्तव में उनकी स्मृति शिक्षा जगत कभी भूल नहीं सकेगा। वे एक सच्चे शिक्षक हितेषी थे। दृढ़ इच्छाशक्ति वाले थे। जीवन में लंबे समय से कई बार शारीरिक व्याधियां भी झेली, उपचार रत भी रहे। किंतु, सेवा का जज्बा इतना गहरा कि वे बीमारी को हरा कर फिर से सेवा में जुट जाते। लेकिन, इस बार ऐसा हो ना सका। नियति ने उनके जीवन और सेवा के सफर को यहीं विराम दे दिया।

अब वे नहीं रहे, लेकिन उनकी स्मृति सदा बनी रहेगी। विनम्र श्रद्धांजलि।

**✻ ब्रजेश जोशी**
**वरिष्ठ पत्रकार, मंदसौर**

## राखी मेकिंग एवं फायर लेस कुकिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय में आज रक्षाबंधन के पावन पर्व को बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की कक्षा 10वी की छात्रा कुमारी खुशबू कच्छावा द्वारा रक्षाबंधन पर के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री तेजपाल बारेट के मार्गदर्शन में छात्राओं के एक समूह ने बहुत ही खूबसूरत एवं मनभावन गीत की प्रस्तुति दी। जिसे सुन सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

इसी के साथ आज कक्षा पहली से कक्षा सातवीं तक के छात्र छात्राओं के लिए राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के अधिकांश छात्र- छात्राओं ने उत्साह पूर्वक रंग बिरंगी एवं आकर्षक राखियाँ बनाई। भाई-बहन के प्रेम को प्रदर्शित करने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार को ध्यान रखते हुए छात्र-छात्राओं ने राखी बनाने के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए आकर्षक राखियाँ बनाई। कुछ विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रप्रेम से संबंधित तिरंगे के रंग में रंगी राखियाँ भी बनाई। इसी क्रम में कक्षा आठवीं से कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए बिना आग के उपयोग किए खाद्य पदार्थ बनाने की प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने भाग लेकर बिना आग का उपयोग किए एक से बढ़कर एक मिठाइयाँ बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## खाद्य पदार्थों के 10 नमूने लेकर जांच के लिए भेजें

**नीमच, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने रविवार को नीमच शहर मैं विभिन्न संस्थानों ,दुकानों की जांच कर खाद्य सामग्री के नमूने लिए । खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को खाद्य सुरक्षा दल द्वारा जैन दुग्धालय तिलक मार्ग नीमच से एक नमूना मावा बर्फी , गोपी मिष्ठान भंडार तिलक मार्ग नीमच से एक नमूना मावा बर्फी ,गरीबी सेव एंड स्वीट्स तिलक मार्ग नीमच से एक नमूना मावा पेड़ा ,जगदीश मिष्ठान भंडार से एक नमूना मावा पेड़ा , गंगाराम हलवाई तिलक मार्ग नीमच से एक नमूना मावा,अन्नपूर्णा भोग तिलक मार्ग से एक नमूना रसगुल्ला ,मोहन मिष्ठान काटजू मार्केट से दो नमूने एक मावा व एक मलाई बर्फी , वृंदावन स्वीट्स विजय टाकिज चौराहा से एक नमूना मावा , इस तरह कुल 10 नमूने जाँच हेतु लिए गए ।जिनको जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल व इन्दौर जाँच हेतु भेजे जायेंगे , जाँच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

## विश्व हिन्दू परिषद की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 18 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के 60 वे स्थापना दिवस को लेकर विश्व हिन्दू परिषद की एक वृहद बैठक का आयोजन तीन छत्री बालाजी मंदिर पर किया गया। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस को भव्य रूप प्रदान करने के लिए सभी अखाड़ो के उस्ताद, सभी समाजो के प्रभुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्तागण, के सुझाव आमंत्रित किये गए। सभी की सहमति से विश्व हिन्दू परिषद के 60 वे स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य चल समारोह ओर धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। इसके निमित सभी समाजजनों एवं प्रबुद्धजन सभी एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त अधिकारी सदस्य गुरुचरण बग्गा, भगवान दास ज्ञानानी, विभागमंती अनुपाल सिंह झाला, प्रदीप चौधरी, लक्की बडोलिया, जिलाध्यक डॉ प्रवीण सिंह मंडलोई, उपाध्यक्ष हरीश टेलर, अरविंद चौहान, पुष्पा भंडारी जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी, सह मंत्री प्रतीक व्यास, नीलेश जैन, संयोजक अनिल धनगर, सह संयोजक महेंद्र सुराह, मंजीत प्रजापति, नवनीत पारिख, अमरदीप कुमावत, अंतिम देवड़ा, विमोद जाट, प्रदिप मोटवानी, रूपनारायण मोदी, शंकर शर्मा, प्रियांश राज पुरोहित, शांति दीदी रावल, प्रखंड अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, विनोद प्रजापत, ललित सिसोदिया, गौरव शर्मा, हरीश राव, मनीष भाटी, लक्की गोसार, अंकित चौहान, शुभम तरवेचा,गोविंद नागदा गौरव राजपूत,रितेश मतराना,अजय ग्वाला सूरज कुमावत, ओमप्रकाश कुमावत, महेशनाथ योगी, आबि बरेडा, विष्णु ग्वाला, अजय ग्वाला, राजेश करानीया, आदि बैठक में उपस्थित थे।

## दस दिन से बारिश ...

पेज 1 से जारी

हो रहा है। बंगाल की खाड़ी में यह लो प्रेशर एरिया के रूप में बदल गई है। इसका असर सोमवार से प्रदेश में ज्यादा दिखाई देगा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से भी बारिश का दौर बना रहेगा।शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in